## सार-समाचार

### 'संघ की यात्रा भारत के लिए है'



**सीकर, (निसं)।** शेखावाटी साहित्य संगम के चौथे दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख शसुनील जी आंबेकर ने कहा कि संघ की यात्रा भारत के लिए है। उन्होंने कहा कि संघ की यात्रा व भारत की यात्रा अलग-अलग नहीं है। स्वतंत्रता के पूर्व सभी के मन में एक ही धारणा कार्य कर रही थी कि कैसे जैसे देश को स्वतंत्र करवाना लेकिन डॉक्टर हेडगेवार ने सभी प्रकार के आंदोलन में भाग लेते हुए विचार किया कि केवल स्वतंत्रता से ही सब कुछ नहीं होगा इसके लिए स्वाधीनता भी जरूरी है और उन्होंने इसी के लिए व्यक्ति तैयार करने तथा समाज को संगठित करने का कार्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रूप में प्रारंभ किया। संघ की विशेषता है कि वह समाज के साधारण व्यक्ति में छिपी हुई असाधारण प्रतिभा को जागृत कर एवं ऐसे लोगो को संगठित कर इस राष्ट्र को समृद्ध एवं विकसित बनाना। आम्बेकर ने कहा कि भारत को भारत की नजर से जानना होगा। उन्होंने भारत के इतिहास को भारत के प्राचीन स्त्रोतों के आधार पर लिखने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि विश्व को भारत का सांस्कृतिक निर्यात हिंदुत्व है। इस सत्र में उनसे लेखक और उपन्यासकार मुरारी गुप्ता ने वार्ता की। इससे पूर्व सत्र के प्रारंभ में पुस्तक परिचय में लेखक मुरारी गुप्ता के उपन्यास सुगंधा के बारे में जानकारी दी गई। 28 सितंबर से शुरू हुए शेखावाटी साहित्य संगम का कल समापन होगा।

### अतिक्रमण हटाने की मांग, ज्ञापन दिया

**खेतड़ी, ( निसं )** खेतड़ी उपखंड के रसूलपुर पंचायत के ताल गांव में मंदिर की जमीन पर अवैध अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम को ज्ञापन देकर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। एसडीएम सविता शर्मा को ग्रामीणों की ओर से दिए ज्ञापन में बताया कि रसूलपुर पंचायत के ताल में काफी साल पहले हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया गया था। मंदिर के पास खाली जगह में मंदिर के धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है तथा उक्त भूमि सालों पहले से हनुमान मंदिर के नाम ही है। पिछले कुछ दिनों से मंदिर की जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया तथा जमीन को छलपूर्वक अपने नाम करवा लिया। अब मंदिर की भूमि को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण होने से मंदिर में होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने मंदिर की जमीन के बेचान पर रोक लगाकर । अतिक्रमण की गई भूमि को मंदिर के नाम करवाई जाए। उन्होंने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो गांव में बड़ी घटना भी हो सकती है। इस दौरान एसडीएम सविता शर्मा ने जल्द ही मामले की जांच करवा आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर सुभाष चन्द्र, रूडाराम, किशोर सिंह, कपिल कुमार, प्रकाश चन्द्र, कैलाश जांगिड़, डूंगरराम, अनिल कुमार, मुकेश कुमार महेंद्र सिंह, राजेंद्र, नेकीराम सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**पाटन, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय में आज मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़े में स्वच्छता ही सेवा है की श्रृंखला के अंतर्गत गोद ग्राम मेहरों की ढाणी में सिंगल यूज प्लास्टिक निस्तारण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ.मदन लाल मीणा के सानिध्य में आयोजित किया गया। डॉ. मीणा ने स्वयंसेवकों को हरी झंडी दिखाकर एक दिवसीय शिविर हेतु रवाना किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. योगेश कुमार सबल ने बताया सर्वाधिक उपयोग सिंगल यूज प्लास्टिक का होता है, अत: सभी को अपने जीवन मे कम से कम उपयोग में लिया जाना चाहिए और वैकल्पिक साधनों का उपयोग किया जाना चाहिए जिससे पर्यावरण प्रदूषण, ग्रीन हाउस प्रभाव इत्यादि से बचा जा सके और मानव जीवन को संकट से बचाया जा सके। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों को माय भारत कैप,हाथों में पहनने हेतु दस्ताने, सैनिटाइजर का वितरण किया गया। गोद ग्राम में जन जागरूकता का कार्यक्रम किया गया जिसमे सिंगल यूज प्लास्टिक में उपयोग आने वाली विभिन्न वस्तुएं पॉलीथिन, कप, प्लेट्स, गिलास, बॉटल इत्यादि का एकत्रण कर विशेष स्थान पर डंप करवाया गया। कार्यक्रम मे सहा. आचार्य डॉ. किरण यादव, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. सीता मीणा, डॉ. ओमपाल कालावत, डॉ. ओम प्रकाश वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

### रात्रि चौपाल कार्यक्रम घोषित

**पाटन, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर स्थानीय स्तर पर आम लोगों के राज्य सरकार से संबंधित अभाव-अभियोग और समस्याओं की नीमकाथाना जिला प्रशासन की ओर से संवेदनशीलता के साथ सुनवाई कर समुचित समाधान किया जा रहा है। इस क्रम में अक्टूबर माह के लिए रात्रि चौपाल शिविरों का कार्यक्रम घोषित किया गया है। पहली रात्रि चौपाल आठ अक्टूबर मंगलवार को आयोजित होगी।जिले में इस माह कुल 4 रात्रि चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन होगा। पहली चौपाल मंगलवार 8 अक्टूबर को नीमकाथाना की ग्राम पंचायत भूदोली में होगी, उसके बाद 15 अक्टूबर को श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत फूटाला, 22 अक्टूबर को उदयपुरवाटी की ग्राम पंचायत मणकसास और 29 अक्टूबर को खेतड़ी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सेफरागुवार में रात्रि चौपाल शिविर आयोजित होंगे। इन समस्या-समाधान शिविरों में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### गरबा नाइट लेकर उत्साह

**सीकर, (निसं)।** लियो क्लब सीकर व लायंस क्लब सीकर प्राइड,सीकर शहर की सबसे बड़ी होटल सिया इन गरबा नाइट 2024 का आयोजन रविवार 13 अक्टूबर, रानी सती गार्डन में करने जा रहा है। जिसका 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पोलो ग्राउंड स्थित,विद्याश्रम स्कूल में किया जा रहा है। शिविर संयोजक लायन मेघा अग्रवाल ने बताया शहरवासियों में इस गरबा नाइट को लेकर काफी उत्साह है यह इसी बात से पता चलता है कि आज प्रशिक्षण के पांचवे दिन तक 80 से अधिक पार्टिसिपेंट्स प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।जिसमें युवा पीढी(गर्ल्स ग्रुप) का सराहनीय योगदान है।इस इवेंट की पूरी देखरेख श्यामपुरा बालाजी इवेंट से लियो दीपांशु मित्तल द्वारा की जा रही है। क्रॉसलैंड डांस क्रू से शिवाय, राहुल और उनकी टीम द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम काफी जोर-शोर से किया जा रहा है,जो 28 सितंबर से 12 अक्टूबर तक चलेगा।जिसमें रजिस्टर करने की अंतिम तिथि 3 अक्टूबर तक रहेगी।

### सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

**झुंझुनूं, ( निसं )** । झुंझुनूं जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने मंगलवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत झुंझुनूं शहर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने बताया कि झुंझुनू में स्वच्छता पखवाड़ा उत्साह से मनाया जा रहा है। जिला कलक्टर ने नगर परिषद के अधिकारियों के साथ झुंझुनू शहर के रोड नंबर 1, रोड नंबर 2 का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को शहर में सुचारू सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इससे पहले जिला कलेक्टर ने नगर परिषद के सीतसर जोहड़ व डेयरी प्लांट के मॉडल वृक्षारोपण साइट्स का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नगर परिषद अधिशाषी अभियंता वेदपाल गोदारा, एईएन लोकेश, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक राजीव जानू भी मौजदू रहे।

### रमेश चंद्र शर्मा का किया अभिनंदन

**चूरू, (कासं)।** रेलवे पावर हाउस में विद्युत वेलफेयर सोसायटी की ओर से सोमवार देर शाम को रेल सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर कोचिंग विभाग के टीसीएचआई रमेश चंद्र शर्मा का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतिक चिन्ह् प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान अमर सिंह लखेरा, मुरारी लाल, टेलीकॉम के श्रीराम खिलाड़ी, एस आई नंदकिशोर, राजेश चौधरी, ख्यालीराम मीणा, रतनगढ़ के रणवीर सिंह ढ़ाका व अभिनय ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सभी विभागों के कर्मचारी व सेवानिवृत कर्मचारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों का किया सम्मान

**चूरू, (कासं)।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंगलवार को पेंशनर भवन में समाज कल्याण सप्ताह का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 वरिष्ठ नागरिकों का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीईओ श्वेता कोचर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा एवं भागमभाग के समय में किसी के पास एक पल भी बैठकर सोचने का समय नहीं है। इसके कारण समाज में तरक्की के साथ.साथ अवसाद और तनाव बढ़ता जा रहा है। हमें सोचना

■ **बुजुर्गों का मार्गदर्शन देता है समाज को सही दिशा : सीईओ श्वेता कोचर**



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सीईओ श्वेता कोचर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 31 वरिष्ठ नागरिकों का माल्यार्पण कर, शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मान किया गया।

पड़ेगा कि ऐसी तरक्की का हमें क्या करना है। जिसमें हमारे पास सुकून के दो पल नहीं हों। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के मशविरे से चलने वाले लोग जीवन में सफलता के साथ सुकून प्राप्त करते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. शरद कुमार व्यास ने कहा कि आदमी में अनुभव के साथ जो इंटेलिजेंस आता है। उसका कोई विकल्प नहीं होता है। इसलिए हमें सभी बुजुर्गों के अनुभवों का सम्मान करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बसंत शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों के आशीर्वाद से चलने वाला समाज व व्यक्ति हमेशा प्रगति करता है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया व विभाग की कल्याणकारी योजनाओं एवं समाज कल्याण सप्ताह के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान आईसीडीएस उपनिदेशक नरेन्द्र सिंह शेखावत, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, जिला युवा अधिकारी मंगल जाखड़, पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बिरजु सिंह राठौड़, डॉ. महेश शर्मा, अभिषेक चोटिया विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में ज्ञान प्रकाश गुप्ता, संगीतज्ञ डॉ श्याम सुंदर शर्मा, नगर सचिव श्याम सुंदर शर्मा, एडवोकेट अनंत राम सोनी, पूर्व कोषाधिकारी भागीरथ शर्मा, पूर्व डीईओ निसार अहमद खान, शिक्षाविद् संतोष शर्मा, तनुराम माहिच, महावीर लखेरा आदि मौजूद रहे।

## गरिमा का किया सम्मान

**चूरू, (कासं)।** पटना में आयोजित चौथी भारतीय ओपन अण्डर.23 एथलेटिक्स प्रतियोगिता के हैमर थ्रो इवेंट में कांस्य पदक जीतकर चूरू का नाम रोशन करने वाली गरिमा श्योराण का मंगलवार को एडीएम अर्पिता सोनी ने सम्मान किया। जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया की एडीएम अर्पिता सोनी ने कालरी गांव की खिलाड़ी गरिमा श्योराण का ओपन नेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर माला पहनाकर स्वागत किया तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके प्रशिक्षक विजय कुमार को बधाई दी।

### टेबलेट बांटी

**सुजानगढ़, (निसं)।** राजकीय पी.सी.बी. उ.मा. विद्यालय में विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अशोक कुमार, नरेन्द्र सिंह ढाका, सुनीता, सुमन, विपिन, भावेश आदि को टेबलेट दी।

### राष्ट्रीय पोषण मेले का आयोजन

**सीकर, (निसं)।** बाल विकास परियोजना सीकर शहर में मंगलवार को सप्तम राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के तहत पोषण मेले का आयोजन गोपाल सदन में किया गया। मेले का आगाज मां शारदे की आराधना से किया गया। मेले में परियोजना अधिकारी रिया पूनिया ने आंगनबाडी शिक्षिकाओ को पोषण माह का आयोजन का महत्व व मोटे अनाज, उससे बनने वाले व्यंजन, गर्भवती महिलाओ के लिए सन्तुलित भोजन का महत्व, स्तनपान और स्तनपान मे मां का पहला दूध बच्चे के लिए क्यों जरूरी है। गर्भवस्था के दौरान एक महिला का खुश रहना क्यों जरूरी है की विस्तार से जानकारी दी।

सैक्टर सुपरवाइज़र सरिता ढाका ने सभी आंगनबाडी शिक्षिकाओं को विभाग की योजनाओ को समुदाय तक पहुंचाने और लाभार्थियो तक विभाग की सेवाओ को पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए शालापूर्व शिक्षा को खेल खेल के माध्यम से देने के लिए प्रेरित किया। सुपरवाइज़र वन्दना शर्मा ने पोषण माह के महत्व के बारे मे बताया। मेले में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई व छ: माह पूर्ण करने वाले बच्चो का अन्नप्राशन करवाया गया व सुपरवाइज़र मन्जू लता ने महत्व के बारे में बताया।मेले में परियोजना की आंगनबाडी शिक्षिकाओ ने केन्द्र पर आने वाले पोषाहार से अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाकर व्यंजन स्टॉल लगाई।

## डोटासरा के जन्मदिन पर गायों को खिलाया गुड व हरा चारा



सुजानगढ पीसीसी चीफ के जन्म दिन पर गायों को हरा चारा खिलाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

**सुजानगढ़, (निसं)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जन्म दिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाथो तालाब स्थित श्री गोपाल गौशाला में गायों को गुड व हारा चारा खिलाया गया। इसके बाद एडीएम कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रदेश की भाजपा को सरकार को विफल बताते हुए अतिवृष्टि से खराब हुई फसल का किसानों को मुआवजा देने, महिलाओं पर बढते अत्याचार को रोकने के लिए ठोस कार्यवाही करने, बेरोजगार युवाओं को भ्रमित नहीं कर नौकरियां देने, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की मु2यमंत्री चिरंजीवी योजना, ओल्ड पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, बेरोजगारी भता, इंदिरा रसोई को चालू रखते हुए बजट देकर प्रभावी बनाने, हरियाणा के बराबर पेट्रोल-डीजल की कीमतें करने, प्रदेश की टूटी व बदहाल सडकों को ठीक करने, भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों के अमर्यादित बयानों पर रोक लगाने, समीक्षा के नाम पर बंद पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की स्वीकृत योजनाओं को शुरू करने, स्वायत शासन संस्थाओं एवं पंचायती राज के चुनाव कार्यक्रम जारी करने की मांग की गई है। 4लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने के दौरान राधेश्याम अग्रवाल, रामवतार मंगलहारा, उप सभापति अमित मारोठिया, पार्षद इकबाल खान, पार्षद आसिफ खान नसवाण, इकबाल खान, लालचंद बेदी, राजकुमार इंदौरिया, इरशाद गौरी, वरूण भाटी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कार्यकर्ता सदस्यता लक्ष्य को पूरा करें : विजेंद्र पुनिया

**झुंझुनूं, (निसं )** भाजपा के महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर स्थानीय पीरू सिह सर्किल के निकट खाना ख़ज़ाना रेस्टोरेंट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए भाजपा प्रदेश मंत्री एव सदस्यता अभियान के प्रदेश सह संयोजक विजेंद्र पुनिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए सदस्यता लक्ष्य को वे निहित समय सीमा में पूर्ण करें।

■ **सदस्यता के लिए पदाधिकारी करेंगे बूथ प्रवास : पुनिया**



भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

भाजपा के सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को शक्तिकेंद्रों के बूथों पर प्रवास करना अनिवार्य है।उन्होंने ज़िले की सातों विधानसभा के प्रत्येक बूथों पर कार्यकर्ताओं के प्रवास की ज़िम्मेदारी भी तय की।सदस्यता अभियान के ज़िला प्रभारी सौरभ सारस्वत ने कहा कि सक्रिय सदस्य ही चुनाव लड़ सकेंगे व पार्टी में पद हाशिल कर पाएँगे।सक्रिय सदस्य हेतु भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा प्रत्येक कार्यकर्ता का एक लक्ष्य तय किया गया है उसे हाशिल कर कार्यकर्ता भाजपा का सक्रिय सदस्य बन सकता है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे भाजपा ज़िलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने कहा कि सदस्यता अभियान पार्टी का सबसे महत्वपूर्ण अभियान है इसमें सभी कार्यकर्ता अपनी ज़िम्मेदारी का निर्वहन करे। इनके अलावा सदस्यता अभियान के ज़िला संयोजक सरजीत चौधरी, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर,पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार,पूर्व विधायक रणवीर सिह गूढ़ा, जे पी चंदेलिया, भाजपा नेता बबलू चौधरी,राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पुनिया, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी रजनीश चनाना, प्रदेश प्रवक्ता के के जानू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास शर्मा लोटिया, ओमेन्द्र चारण,नगर मंडल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा ने भी अपने विचार रखे। बैठक का संचालन सदस्यता अभियान के ज़िला सह संयोजक गजानंद कुमावत ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन के साथ वन्दे मातरम् गीत से हुआ।समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।इस मौक़े पर उप ज़िला प्रमुख सतवीर गुर्जर, बगड़ चेयरमैन गोविंद सिह राठौड़, ज़िला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया, राजेंद्र भाम्भू, राकेश शर्मा बगड़, शेर सिह निर्बान, रमनिरंजन पुरोहित, श्रीमती सुशीला सिगड़ा,ज़िला मंत्री महेंद्र चंदवा, नीता यादव, रिसाल कँवर, महावीर ढाका, सुनीता स्वामी, कोषाध्यक्ष सेवा राम गुप्ता, सोशियल मीडिया ज़िला संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, आईटी ज़िला संयोजक सौरभ सोनी, मदनलाल सैनी, दलीप स्वामी, मुरली मनोहर शर्मा, अनीता जांगिड, संजय मोरवाल, महेश जिनगर, मण्डल अध्यक्ष भादरमल स्वामी, बलजीत शर्मा, सतीश खिचड़, रवि लांबा, ललित जोशी,कपिल सोनी, मुकेश पतुसारी, विजेंद्र सिह, आशु सिह शेखावत सुलताना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### पांच बाइक बरामद



**सुजानगढ़, (निसं)।** सदर थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में गिर3तार आरोपी की निशादेही पर पांच बाइक बरामद की है। जांच अधिकारी एएसआई तनसुखराम नैण ने बताया कि बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी रामप्रताप पुत्र पुरखाराम जाट की निशानदेही पर गोपालपुरा बीड से पांच मोटरसाइकिलें बरामद की है। आरोपी ने नागौर, बीकानेर, नोखा, जयपुर और सीकर से बाइक चोरी करने की बात कबूल की है। बाइक चोर को पकडने में एएसआई तनसुखराम नैण के साथ कांस्टेबल कपिल कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार, कांस्टेबल यशपाल और कांस्टेबल प्रेमाराम की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। आपको बता दें कि दो सितंबर को कालूराम मेघवाल निवासी करेजडा ने रिपोर्ट देते हुए बताया कि 17 अगस्त को रामाकिशन जाट के आगे खडी मेरी मोटरसाइकिल को रामप्रताप पुत्र पुरखाराम जाट निवासी सडू छोटी मोटरसाइकिल चुरा कर ले गया। एएसआई तनसुखराम ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि आरोपी रामप्रताप को सिरोही जिले की आबू रोड की सिटी पुलिस ने स्कूटी चुराते हुए गिर3तार किया है। जिस पर न्यायालय से प्रोड1शन वारंट जारी करवा कर आबू रोड के उप कारागार से आरोपी रामप्रताप को गिर3तार किया गया।

### समाज कल्याण सप्ताह का शुभारंभ

**झुंझुनूं, ( निसं )** राज्य सरकार के निर्देशानुसार समाज कल्याण सप्ताह का शुभारंभ मंगलवार को अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाकर किया गया। पेंशनर समाज भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छगनलाल धूपियां एवं अध्यक्ष नेमीचन्द पूनियां ने मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनियां द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नियमों की जानकारी दी गई एवं वृद्धजनों के दीर्घायु जीवन की कामना की। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी डॉ. निखिल कुमार द्वारा बुजुर्गों से आ ान किया कि वे अपने जीवन के अनुभव से युवा वर्ग को उचित दिशा-निर्देश प्रदान करें। सूचना एंव जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से मार्ग दर्शन प्रदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर पेंशनर समाज के लियाकत अली, मालीराम वर्मा, खुर्शीद एवं दीनदयाल सैनी आदि ने भी अपने अनुभव एवं विचारों को साझा किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ से विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान देने वाले वरिष्ठजनों का माल्यार्पण कर शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा विभाग के सहयोग से मेडिकल टीम द्वारा वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । कार्यक्रम दौरान मंच संचालन पेंशनर समाज के जिला मंत्री चन्द्रप्रकाश धूपियां द्वारा किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ से कार्यालय के कार्मिक सत्यवीर सीगड, राजेन्द्र कुमार धवल, सुरेश कुमार कुमावत, सुशिल कुमार सैनी, कृष्ण कुमार एवं मंजू देवी ने कार्यकम के सफल कियान्वयन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया।

### मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**चूरू, (कासं)।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व पुलिस अधीक्षक जय यादव ने मंगलवार को सालासर मेले के आयोजन को लेकर तैयारियों का जायजा लिया तथा इस संबंध में आयोजित बैठक में अधिकारियों को समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि मेले के आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा बेहतरीन प्रबंधन के साथ मेला आयोजित हो। इसके लिए सभी अधिकारी आवश्यक तैयारियां रखें तथा समस्त गतिविधियों की स्पष्ट रूपरेखा तैयार रखें। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि सालासर सीएचसी में स्थित ऑक्सीजन प्लांट को सुचारू करें तथा चिकित्सा व्यवस्थाएं एकदम दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने सड़क हादसों की रोकथाम एवं यातायात व मेला व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए रास्ते में आने वाले अतिक्रमण हटाने के भी निर्देश प्रदान किए।

### मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म

**चूरू, (का.सं.)।** मधुर स्पेशल शिक्षण संस्थान स्कूल में मंगलवार को प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जन्म दिवस दिव्यांग बच्चों के साथ केक काटकर व उनको भोजन करवाकर समारोह पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव मुस्ताक खान ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ डोटासरा का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया। गरीब लाचार मजबूर और जो दिव्यांग है और जो व्यक्ति अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर सकता। उनके बीच में जाकर आज प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का जन्मदिन मनाया गया। खान ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा भी मानव सेवा में लगे हुए है। वो पूरे राजस्थान की सेवा कर रहे हैं। उनके विचारों को आगे बढाते हुए आज इन दिव्यांग बच्चों के साथ इनका जन्मदिन मनाया गया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष इंद्राज खीचड़, पीसीसी सचिव रामजीलाल शर्मा, पीसीसी सचिव चूरू प्रभारी दिनेश कस्वां, पार्षद अंजनी शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, ओबीसी जिलाध्यक्ष नारायण बालाण, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष लालचन्द सैनी, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, सरपंच रामनिवास कड़वासरा, पूर्व लोहिया कॉलेज संयुक्त सचिव पुलकित चौधरी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अबरार खान, पार्षद तौफिक खान, युवा नेता गुलजार खान, पार्षद प्रतिनिधी फारूक खान, छात्र नेता आदिल गौरी, छात्र नेता फरमान खान, पार्षद सोनू जाबासरिया,सदीक खान आदि उपस्थित थे।

**विवादकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान नवलगढ़**
**बीरबल बनाम फूलचंद उर्फ फूलाराम वगैरा**
**दावा घोषणार्थ रिकॉर्ड दुरूस्ती**
**विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा**
**मु. नं. 54/2023**

**बनाम**
1. शारदा पत्नी फतेहचंद, 2. देवेन्द्र पुत्र फतेहचंद, 3. महेन्द्र पुत्र फतेहचंद जाति मेघवंशी (मेघवाल) निवासी माण्डासी तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.), 4. आनंदसिंह पुत्र किशनसिंह, 5. भंवरी कंवर पुत्री हनुमानसिंह, 6. कमोद कंवर पुत्री हनुमान सिंह, 7. मंजू कंवर पुत्री हनुमान सिंह, 8. अंजू कंवर पुत्री हनुमान सिंह, 9. कायम सिंह पुत्र बन्नेसिंह, 10. विजय सिंह पुत्र बन्नेसिंह, 11. अजय सिंह पुत्र बन्नेसिंह, 12. सज्जन कंवर पत्नी बन्नेसिंह, 13. ओम कंवर पुत्री बन्नेसिंह, 14. सुशील कंवर पुत्री बन्नेसिंह, 15 योगेन्द्र सिंह पुत्र अभयसिंह, 16. शक्तिसिंह पुत्र अभयसिंह, 17. गैन कंवर पुत्री अभयसिंह, 18. सुनीता कंवर पुत्री अभयसिंह जाति राजपूत निवासीगण घोड़ीवारा कलां तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.), 19. नीलम पत्नी भर पुत्रवधु जगदेवाराम, 20. सुमन पुत्री जगदेवाराम, 21. बिदामी पुत्री जगदेवाराम, 22. छोटी देवी पत्नी बीरबल, 23 छोटी देवी पत्नी बनवारीलाल जाति मीणा निवासीगण सांगासी तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं (राज.) वादी ने आपके विरूद्ध दावा घोषणार्थ, रिकॉर्ड दुरूस्ती, विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयत किया है, आपका इस न्यायालय में तारीख 08 माह 11 सन 2024 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजीर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश के दिये गये हो, और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुनवाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख 08.11.2024 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह वाद तारीख 24 माह 09 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
**उपखंड अधिकारी, नवलगढ़ (झुंझुनूं)**

**कार्यालय नगर परिषद, सीकर**
क्रमांक न.प.सी./2024-25/9696 दिनांक- 26.09.2024
विभिन्न आवेदनकर्ताओं ने सीकर शहर में राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर – कृषिक प्रयोजनार्थ के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण द्वारा जारी पट्टों के नामान्तरण/उपविभाजन/पुनर्गठन उपरान्त पट्टे आवंटन हेतु आवेदन किया है। संबंधित की विस्तृत जानकारी नगर परिषद, सीकर की वैबसाईट http//:npsikar.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति कार्यालय नगर परिषद में 7 दिवस में प्रस्तुत करें।
आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/6005

# हनीट्रैप मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया

## पुलिस ने वारदात के दौरान काम में ली गई गाड़ी भी बरामद की

**सीकर, (निसं)।** सीकर सदर थाना पुलिस ने हनीट्रैप मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस ने इनके पास से वारदात के दौरान काम में ली गई गाड़ी भी बरामद की है

जानकारी के अनुसार सितंबर को बरकत अली निवासी मुंडवाड़ा ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई की 31 अगस्त को सांवली सर्किल पर उन्हें दो लड़कियां मिली। जिन्होंने उनसे लिफ्ट मांगी तो सहानुभूति के तौर पर उन्होंने दोनों लड़कियों को अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद दोनों ने गाड़ी को किराए पर ले लिया और गाड़ी को कुंडलपुर की तरफ ले जाने को कहा। जैसे ही गाड़ी आगे पहुंची तो दोनों लड़कियों के साथी पांच पुरुष और एक अन्य महिला साथी वहां आए। जिन्होंने बरकत के साथ मारपीट की इसके बाद बरकत को दूसरी गाड़ी में डालकर कोछोर के रास्ते खंडेला में धर्मपुरा गांव की तरफ ले गए। इसके बाद बदमाशों ने गाड़ी के डॉक्यूमेंट सहित अन्य दस्तावेज भी छीन लिए। गैंग से जुड़े लोगों ने बरकत से 10 लाख रुपए मांगे। पैसे नहीं देने पर रेप जैसे केस में फंसाने की धमकी और जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों के द्वारा डराने और धमकाने के बाद 26 हजार रुपए बरकत ने ट्रांसफर किए। इसके बाद बदमाश बरकत की गाड़ी को खराब होने पर खंडेला के पास ही छोड़कर चले गए।

पुलिस के पास इस केस में कोई भी क्लू नहीं था। जिससे कि पुलिस सीधे आरोपियों तक पहुंच सके। ऐसे में पुलिस ने ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए और परिवादी के मोबाइल नंबरों के आधार पर एक आरोपी की पहचान की। फिर पुलिस थाने के कांस्टेबल बाबूलाल को बोगस ग्राहक बनाया गया। पहचान किए अपराधी के द्वारा कांस्टेबल बाबूलाल के नंबर गैंग की महिला के पास पहुंचाए गए। गैंग की महिला ने कांस्टेबल बाबूलाल को मिलने के लिए खाटू मोड़ पर बुलाया। गैंग से जुड़े लोगों को शक नहीं हो इसके लिए कांस्टेबल ने मिलने में कई बार आनाकानी की और गैंग के बारे में अन्य जानकारी जुटाई। जब गैंग की

- **पैसे नहीं देने पर रेप जैसे केस में फंसाने की और जान से मारने की धमकी देते थे**

महिला को विश्वास हुआ तो कांस्टेबल बाबूलाल सहित अन्य टीम को गिरफ्तारी के लिए भेजा गया।

गैंग की महिला ने कांस्टेबल को मिलने के लिए खाटू मोड़ पर बुलाया। 25 सितंबर को मिलना तय हुआ तो गैंग की महिला ने पहले खाटू मोड़ पर मिलने के लिए बुलाया लेकिन यहां भीड़ ज्यादा होने के चलते बाईपास पर मिलने की बात कही। जैसे ही कांस्टेबल बाबूलाल बाईपास पहुंचा तो गैंग की महिला उसकी गाड़ी में आकर बैठ गई और गाड़ी को खंडेला रोड की तरफ ले चलने के लिए कहा। गाड़ी करीब 1 किलोमीटर चली इसके बाद एक स्विफ्ट गाड़ी में तीन युवक और एक महिला आए और बोगस ग्राहक बने कांस्टेबल को गाड़ी से नीचे उतारने का प्रयास किया। इसी बीच कांस्टेबल के साथ मौजूद टीम के लोग वहां पहुंच गए। जिन्होंने गैंग की दोनों महिलाओं को पकड़ लिया लेकिन गैंग से जुड़े तीन बदमाश वहां से फरार हो गए। इन बदमाशों की गाड़ी का करीब 10 किलोमीटर बाद में टायर भी फट गया लेकिन वह फसल में छुपकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों महिलाओं से पूछताछ की। इसके साथ ही महिलाओं को परिवादी बरकत के नंबर उपलब्ध करवाने वाले आरोपी शंकरलाल बावरिया निवासी मुंडवाड़ा को गिरफ्तार किया। आज पुलिस को सूचना मिली कि गैंग से जुड़े रामकरण, कृष्ण उर्फ टमका, गणेश बावरिया और अजीत कुमार किसी घटना को अंजाम देने की इराक में रींगस के पास जालपाली मोड पर घूम रहे हैं। ऐसे में पुलिस वहां पहुंची जहां से चारों को गिरफ्तार कर लिया। इस तरह मामले में कुल सात आरोपी शंकरलाल बावरिया, ममता बावरिया, बबली बावरिया, अजीत कुमार बावरिया, गणेश उर्फ डूंगरिया बावरिया, रामकरण बावरिया, कृष्ण उर्फ टमका को गिरफ्तार किया है।

पुलिस इन्वेस्टिगेशन में सामने आया की गैंग से जुड़े सभी लोग आपस में रिश्तेदार और परिचित है। जो अलग-अलग इलाकों में रहने वाले अपने रिश्तेदारों से कांटेक्ट करके उन्हीं के परिचित लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। इनका रिश्तेदार ही गैंग को नंबर प्रोवाइड करवाता है। इसके बाद गैंग से जुड़ी महिलाएं उनसे बातचीत करके अपने जाल में फंसाती है और फिर उन्हें मिलने के लिए खाटूश्यामजी के पास बुलाती है। जब गैंग की महिला पीड़ित के साथ बैठती है तो गैंग से जुड़े अन्य लोग वहां आते हैं और मारपीट करके उन्हें लूट लेते हैं। इसके बाद उन्हें डरा धमकाकर पैसे भी वसूलते हैं। यहां तक कि गैंग के लोग अपने शिकार की गाड़ी और अन्य डॉक्यूमेंट भी साथ ले जाते हैं और उन्हें वापस देने के बदले भी रुपए वसूलते हैं। पुलिस पूछताछ में इस गैंग के द्वारा सीकर के अलावा नीमकाथाना, जयपुर,कोटपूतली और दौसा में भी इसी तरह की वारदात करना कबूला गया है। मारुति की गिरफ्तारी में सदर पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल मुकेश और कांस्टेबल बाबूलाल की अहम भूमिका रही।

# गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा लगाने की मांग

## वेलफेयर सोसाइटी एवं जागरूक लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की मांग की




**राजगढ़ कस्बे का गांधी पार्क, जहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा का अभाव है।**

**राजगढ़, (निसं)।** राजनीतिक एवं प्रशासनिक उपेक्षा के चलते कस्बे के गांधी पार्क को महात्मा गांधी की प्रतिमा का अभाव आमजन में खटकने लगा है। राजनेताओं एवं नगर पालिका प्रशासन की ओर से इस दिशा में कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े होने लगे हैं।

गौरतलब है कि राजगढ़ कस्बे में पार्क का नामकरण तो गांधी पार्क है, मगर इसमें महात्मा गांधी की प्रतिमा का अभाव है। गत दशकों से महात्मा गांधी की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान सहित अनेक कार्यक्रम संपादित हुए, मगर महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने के बारे में गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई।

महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को राजगढ़ कस्बे में महात्मा गांधी की प्रतिमा नहीं होने के कारण लोगों को असुविधा होती है। आजादी आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी की जयंती पर यूं तो अनेक संगठन सेवा सप्ताह, स्वच्छता एवं श्रमदान सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित करते हैं, मगर कस्बे में महात्मा गांधी की प्रतिमा नहीं होने को लेकर सार्थक प्रयास का अभाव है। वेलफेयर सोसाइटी एवं जागरूक लोगों ने क्षेत्रीय विधायक एवं नगर पालिका प्रशासन से महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की मांग की है।

# बूथ संचालक को स्कार्पियो सवार बदमाशों को सिगरेट नहीं देना महंगा पड़ा

**भरतपुर, (निसं)।** शहर के मथुरागेट थाना क्षेत्र स्थित एक दूध के बूथ पर स्कार्पियो में सवार चार बदमाशों को सिगरेट उधार नहीं देने पर दुकानदार से मारपीट कर सामान बिखेरने और रुपए निकलकर ले जाने के मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया। इसी दौरान भागने के दौरान बदमाशों की गाड़ी पास स्थित मकान में जा घुसी। जिससे मकान की बाउंड्री टूट गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही स्कार्पियो गाड़ी को भी बरामद किया है।

- **बदमाशों ने दुकानदार से मारपीट कर सामान बिखेर दिया और पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया**
- **भागने के दौरान बदमाशों की गाड़ी पास स्थित मकान में जा घुसी, जिससे मकान की बाउंड्री टूट गई**
- **पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया, साथ ही स्कार्पियो गाड़ी को भी बरामद किया**
- **पुलिस के द्वारा बरामद की गई स्कार्पियो गाड़ी पर भाजपा का स्टीकर लगा हुआ है**

जानकारी के अनुसार पुलिस के द्वारा बरामद की गई गाड़ी पर भाजपा का स्टीकर लगा हुआ है। बूथ मालिक सतीश शर्मा ने बताया कि देर रात डेयरी बूथ पर बच्चे को खाना देने गया था। उसी समय एक स्कार्पियो गाड़ी रुकी। जिसमें चार बदमाश सवार थे। एक बदमाश गाड़ी से उतरा और मेरे पास आकर सिगरेट मांगने लगा मैंने उससे कहा मेरा बूथ है। मैं सिगरेट नहीं बेचता उसने कहा कि तू कहीं से भी ला लेकिन हमें सिगरेट दे। उन्होंने मेरे साथ मारपीट करते हुए बूथ के अंदर घुसकर सामान को भी बिखेर दिया और करीब 8 हजार 700 रुपए की नगदी थी उसे चुरा लिया। चार बदमाशों में से एक के हाथ में कट्टा और दूसरे के हाथ में डंडा था। जिन्होंने मुझे धमकाते हुए कहा है कि आगे से हम किसी भी सामान का पैसा नहीं देंगे। इसी समय मेरे बच्चे ने 112 नंबर पर फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी और कुछ ही समय में मथुरागेट थाना पुलिस और सारस चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख बदमाश गाड़ी को लेकर भागने लगे। भागते बदमाशों को जब पुलिस ने रोकने के प्रयास किए तो बदमाशों ने गाड़ी को पुलिस पर चढ़ाने का प्रयास किया। इसी दौरान बदमाशों की गाड़ी एक मकान में जा घुसी, मकान की बाउंड्री टूट गई। गाड़ी में से भागते हुए बदमाशों में से दो को पुलिस ने पकड़ लिया और दो भागने में सफल हो गए।

थाना प्रभारी करण सिंह राठौड़ ने बताया कि देर रात को कुछ बदमाशों के द्वारा एक दुकानदार के साथ मारपीट की सूचना मिली थी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है और एक स्कॉर्पियो गाड़ी को भी जप्त किया है। गिरफ्तार गए गए दोनों बदमाश की पहचान राघवेंद्र उर्फ धम्मू भरतपुर और दूसरा सुभम अजान डीग जिले के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा बरामद की गई गाड़ी पर भाजपा का स्टीकर लगा हुआ है।

## डॉ. अनुकृति शर्मा लाओस रवाना

**कोटा, (निसं)।** कोटा विश्वविद्यालय में कौशल एवं विकास केंद्र की निदेशक तथा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुकृति शर्मा कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए लाओस के लिए रवाना हुई। डॉ.अनुकृति शर्मा ने बताया कि लाओस में एशियाई प्रोडक्टिविटी आर्गेनाइजेशन (एपीओ) की ओर से प्रायोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें डॉ. अनुकृति रूरल डेवलपमेंट एवं पर्यटन के विषय पर चर्चा होगी। इस दौरान डॉ. शर्मा ने इंटरनेशनल सर्विस के डायरेक्टर डॉ. केडी भारद्वाज और जनरल सेक्रेटरी डॉ. इंदिरा का आभार प्रकट किया है। डॉ. अनुकृति ने बताया कि एशियाई प्रोडक्टिविटी कौंसिल, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है। एपीओ इंटर गवर्नमेंटल बॉडी है। जिसकी भारत सरकार संस्थापक सदस्य है।

# चवरछा बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ा

## चवरछा बांध प्रथम से पानी छोड़ने के लिए बैठक हुई

**जालोर, (का.सं.)।** विधानसभा क्षेत्र आहोर में स्थित चवरछा बांध प्रथम से पानी छोड़ने के लिए चवरछा गांव के अटल सेवा केन्द्र में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित की उपस्थिति में बैठक रखी गई।

बैठक में सभी की सहमति अनुसार मंगलवार को बांध के गेट खोलकर पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया, जिसके उपरांत मंगलवार को सायं 4 बजे आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, काश्तकारों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में बांध के मोरी एवं ओवरफ्लो का गेट खोलकर पानी की निकासी चालू की गई। आहोर तहसीलदार हितेश त्रिवेदी, जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता दयालसिंह जोधा, ग्राम पंचायत चवरछा के सरपंच मोहनसिंह एवं चवरछा पटवारी, ग्प्रम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत चवरछा, भू अभिलेख निरीक्षक वृत हरजी एवं चवरछा बांध के पेटे में काश्तकारी करने वाले काश्तकार एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग जालोर के सहायक अभियन्ता दयालसिंह जोधा ने अवगत कराया कि बांध में वर्तमान में गेज पर 0.50 मीटर पानी उपलब्ध है जो कि 44.59 मिलियन घन फिट है। इस पानी को छोड़ने से यह पानी आगे जाकर बहाव क्षेत्र में कुओं को रिचार्ज करेगा एवं बांध का पेटा खाली होने से पेटाकाश्त के काश्तकारों को सेवज खेती (पेटकाश्त) का लाभ मिलेगा।




**सावरदा : राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 पर गिदानी के पास अजमेर-जयपुर मार्ग पर अजमेर की ओर से जयपुर की तरफ जा रहा कांच से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर राजमार्ग पर पलट गया। दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर काफी दूरी में टूटे शीशों के टुकड़े बुरी तरह से फैल गए तथा राजमार्ग पर करीब एक घंटा यातायात प्रभावित हुआ। राजमार्ग पर बिखरे कांच के टुकड़ों से कई दुपहिया व छोटी कारों के टायरों को नुकसान पहुंचा है। ट्रक पलटने से चालक को मामुली चोटें आई है, जिसे दूदू जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।**

# सिरफिरे युवक ने ट्रेन में उत्पात मचाया

## कोटा-श्रीगंगानगर ट्रेन के एसी कोच में तोड़फोड़ की

**कोटा, (निसं)।** श्रीगंगानगर एक्सप्रेस ट्रेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक फायर एक्सटिंग्विशर से तोड़फोड़ करता नजर आ रहा है। उसने ट्रेन के एसी कोच के शीशे तोड़ दिए हैं। यह घटना थर्ड एसी के बी-2 और बी-3 कोच के बीच हुई है। इस वीडियो में नजर आ रहा है कि मौके पर यात्रियों व टीटीई ने उसे पकड़ लिया है। इस मामले में आरपीरफ सवाई माधोपुर आईपीएफ का कहना है कि घटना सवाई माधोपुर के बाद हुई है। यह घटना नॉर्थ वेस्ट रेलवे के जयपुर डिविजन के अधीन हुई है। इस पर कार्रवाई भी जयपुर के दुर्गापुरा पोस्ट के अधीन आने वाली निवाई चौकी आरपीएफ कर रही है। दुर्गापुरा जयपुर के सब इंस्पेक्टर देवराज कसाना का कहना है कि घटना भी 28 सितंबर की देर रात को हुई है।

## नकबजनी का खुलासा

**मसूदा, (निसं)।** कस्बे में चोरी के मामले को लेकर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मसूदा थानाधिकारी गणपतराम ने बताया कि मसूदा पुलिस टीम ने नकबजनी के मामले का खुलासा करते हुऐ एक नकबजन आरोपी प्रकाश मौर्य को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से लेपटॉप व दो मोबाइल बरामद किये गये।

मामले के अनुसार 28 सितम्बर को शिकायतकर्ता महावीर जाट निवासी मसूदा जिला ब्यावर ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि 19 सितम्बर को रात्रि 2 बजे से 3 बजे के बीच मेरे सरकारी क्वार्टर से अज्ञात व्यक्ति दो मोबाइल फोन एवं एक लैपटॉप चोरी कर ले गया।

# चोरों ने दो घरों में घुसकर चोरी की

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ के निकटवर्ती ग्राम जगपुरा में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया गया कि रघुवीर प्रसाद वैष्णव पुत्र छोटू दास वैष्णव निवासी जगपुरा का रहने वाला है। यह घटना मध्य रात्रि हुई है।

परिवारजन अपने परिवार के साथ सो रहे थे। तभी अज्ञात चोरों घरों में घुसकर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। जब परिवारजनों सुबह उठकर देखा तो कमरे का अंदर दरवाजा बंद है जब उनको शंका हुई कि अंदर से दरवाजा बंद है तो परिवारजनों के होश उड़ गये। जब परिवारजनों ने पीछे जाकर देखा तो कमरे के पीछे स्थित रोशनदान की जाली को टूटी हुई दिखी और कमरे का गेट अंदर से बंद था। अलमारी में रखे दो चांदी की कनगती आधा किलो चांदी व 15 सिक्के चांदी के सहित अन्य सामान लेकर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। वहीं दूसरी और गांव के ही अशोक पुत्र कैलाश धाकड़ कमरे का गेट का ताला टूटा हुआ दिखाई दिया। जब परिवारजनों को अंदेशा हुआ तो उन्होंने कमरे में रखी अलमारी गायब मिली। जब बाहर जाकर देखा तो अलमारी बाहर मिली। चोरों ने अलमारी में रखे सामान को बिखेर दिया और अलमारी में रखे कीमती सामान को ले गए।

# शक्ति सिंह ने ''स्पार्टाथलॉन 2024 मैराथन'' पूरी की

**कोटा, (निसं)।** विश्व की सबसे कठिन अल्ट्रा मैराथनों में से एक, 42वीं स्पार्टाथलॉन को कोटा के धावक शक्ति सिंह हाड़ा ने सफलतापूर्वक पूरा कर कोटा सहित देश का नाम स्वर्ण अक्षरों में शामिल करवाया है। 246 किलोमीटर (153 मील) लंबी दौड़ एथेंस से स्पार्टा में विश्व के 395 धावकों ने हिस्सा लिया था और महज 193 धावक ही इस दौड़ को पूरी कर सके है।

शक्ति सिंह ने इस दौड़ में कोटा सहित देश का नाम ऊंचा करने पर उनके परिजनों, दोस्तों और गुरू का आभार व्यक्त किया। उनका बिब नंबर 383 है। हाड़ा ने बताया कि विश्व की सबसे कठिन अल्ट्रा मैराथनों में से एक, 42वीं स्पार्टाथलॉन 28 सितंबर को सुबह 07 बजे एथेंस से स्पार्टा, ग्रीस से प्रारंभ हुई। 246 किलोमीटर की दूरी 36 घंटे में पूरी करने की चुनौती थी परन्तु उन्होने पूरी दौड़ 35 घण्टों में पूरी कर ली। इस दौरान उन्हे कई कठिनाईयों का समाना करना पड़ा। शक्ति ने यह दौड़ 29 सितम्बर को सांय 07 बजे पूरी की। शक्ति सिंह ने बताया कि स्पार्टाथलॉन केवल एक लंबी दौड़ नहीं है, बल्कि यह धावकों की शारीरिक और मानसिक क्षमता की एक कठोर परीक्षा है।

- **कोटा के भूतपूर्व सैनिक धावक शक्तिसिंह हाड़ा ने 42वीं स्पार्टाथलॉन मैराथन पूरा कर कोटा का मान बढ़ाया**

246 किलोमीटर का मार्ग विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों से गुजरता पड़ा। जिसमें पहाड़ी इलाके, तेज धूप और रात की ठंड शामिल हैं। जहां दिन में तापमान लगभग 40 डिग्री तक पहुंच जाता था तो रात में 10 डिग्री की ठंड में उन्हें दौड़ना होता था। उन्होंने कहा कि पहाड़ी दुगर्म रास्तों पर दौड़ पूरी करना और सही रास्ते का चयन करना अपने आप में एक चुनौती था।

## हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** अम्बामाता थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक पिस्टल मय तीन कारतूस जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक कैलाश चन्द्र बोरीवाल के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एवं डीएसटी की टीम ने हिस्ट्रीशिटर मुज्जफ्फर उर्फ गोगा पुत्र मुस्ताक हुसैन निवासी नायकवाड़ी कुम्हारवाडा सूरजपोल को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक अवैध पिस्टल मय 3 जिंदा कारतूस जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक पूछताछ में गोगा ने आजम गैंग से खतरा व अन्य लोगों से रंजिश के चलते कुछ समय पहले भीलवाड़ा से खरीदकर लाना बताया। मुज्जफ्फर उर्फ गोगा हिस्ट्रीशिटर होकर इसके खिलाफ जिले के विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, हत्या का प्रयास, धमकी, फिरौती, डकैती की तैयारी, लूट, अपहरण, अवैध हथियार रखने सहित विभिन्न धाराओं में 42 अपराधिक प्रकरण दर्ज होकर न्यायालय में चालान हुये हैं।

# कोटपूतली के राजकीय कन्या महाविद्यालय को नैक से ''बी'' ग्रेडिंग मिली

## गणमान्य नागरिकों व शिक्षाविदों ने प्राचार्य एवं स्टॉफ का अभिनन्दन किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड स्थित पाना देवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को नैक द्वारा ''बी'' ग्रेडिंग प्राप्त करने पर गणमान्य नागरिकों व शिक्षाविदों द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य एवं स्टॉफ का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया।




**कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुर्जर का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया।**

पूर्व प्राचार्य वासुदेव गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय ने बी ग्रेडिंग प्राप्त कर ना केवल महाविद्यालय बल्कि सम्पूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने महाविद्यालय के एक पौधे से वृक्ष बनने की यात्रा का वर्णन किया। पूर्व प्राचार्य आर.एस. झांझरिया ने कहा कि यू.जी.सी. द्वारा गठित नैक टीम महाविद्यालय के प्रत्येक पहलु का बारिकी से निरीक्षण कर ही ग्रेडिंग प्रदान करती है। जिले की कन्या महाविद्यालय द्वारा सीमित संसाधनों के बावजूद शैक्षिक गुणवत्ता का लोहा मनवाना काबिले तारिफ है। एड. अशोक कुमार बंसल ने कहा कि उत्कृष्ट कोटी की यह ग्रेडिंग प्राप्त करने का श्रेय प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर के अथक प्रयासों व स्टॉफ सदस्यों के सामूहिक प्रयासों को जाता है। सेवानिवृत्त प्रो. बलवीर यादव ने कहा कि कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य के नेतृत्व में ना केवल भौतिक संसाधनों में अभिवृद्धि हुई है बल्कि शैक्षिक स्तर में भी बहुत सुधार हुआ है।

प्रधानाचार्य डॉ. महावीर गुर्जर एवं उप प्रधानाचार्य रामावतार कसाना ने महाविद्यालय संकाय सदस्यों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनायें दी। प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि 1997 में स्थापित महाविद्यालय ने विगत 27 वर्षों में प्रगति के नये सौपान छुये हैं। डॉ. राजेश पुरोहित ने बताया कि निकटवर्ती अन्य जिलों के महाविद्यालयों की तुलना में इतनी अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त करना निसंदेह प्रशंसनीय उपलब्धि है। सेवानिवृत्त एईएन गजराज यादव ने कहा कि महाविद्यालय का राज्य के सर्वोत्तम 20 महाविद्यालय में शामिल होना हर्ष का विषय है। प्राचार्य डॉ. आर.पी. गुर्जर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि महाविद्यालय को यह ग्रेडिंग समस्त स्टॉफ, विकास समिति सदस्यों एवं क्षेत्र के सभी नागरिक और अभिभावकों के सहयोग से प्राप्त हुई है। मंच संचालन प्रो. विमल कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर बुधराम छाबडी, उप प्रधानाचार्य बाबूलाल, व्याख्याता रामसिंह मुक्कड, गोकुल चन्द, प्रो. भावना चौधरी, प्रो. विशम्भर दयाल, डॉ. उदयवीर तोषावर, डॉ. कमलेश यादव, प्रो. मनोज कुमार सैनी, प्रो. प्रतिभा पोसवाल, प्रो. ओमप्रकाश कपूरिया, प्रो. प्रिया खंगरावत, प्रो. चन्द्रप्रभा, राकेश सुण्डा, कैलाश सैनी, रमेश कुमार गुर्जर, प्रसून सिंह, विकास गुर्जर, लोकेश कुमार गुर्जर, जितनेश सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

